एक नजर में

सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री से की मुलाकात

बुरहानपुर । आज नई दिल्ली में खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से आत्मीय भेंट कर खंडवा संसदीय क्षेत्र में सड़क ि व क ास एवंअधोसंरचना से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान क्षेत्र में चल रहे एनएचएआई के कार्यों में अपेक्षित प्रगति न होने के कारण क्षेत्र वासियों को हो रही असुविधाओं की जानकारी भी माननीय मंत्री जी को दी तथा इन सभी परियोजनाओं को तीव्र गति से पूरा करने हेतु विशेष ध्यान देने का अनुरोध किया। मंत्री जी ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि एनएचएआई के कार्यों में तेजी लाने, लंबित परियोजनाओं की गति बढ़ाने तथा खंडवा संसदीय क्षेत्र में सड़क सुविधाओं को उच्च स्तर पर विकसित करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे। खंडवा संसदीय क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में ये सड़क परियोजनाएँ महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी और जल्द ही जनता को बेहतर एवं सुरक्षित आवागमन की सौगात प्राप्त होगी।

बीएलओ काकड़े ने शारीरिक चुनौतियों के साथ महज 25 दिनों में पूर्ण किया एसआईआर कार्य

बुरहानपुर। लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता का मताधिकार सिर्फ अधिकार नहींए बल्कि राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसी जागरूकता को बढ़ाने और मतदाता सूची को अधिक शुद्ध एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बुरहानपुर जिले में एसआईआर अभियान संचालित है। इस व्यापक अभियान में मतदाता सूची के शुद्धिकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा हैए जिसमें बीएलओ एक महत्वपूर्ण पिलर है। इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र.180 बुरहानपुर के भाग संख्या 227 के बीएलओ बाबूराव काकड़े ने बीपी की स्वास्थ्य समस्या के बावजूद भी अपने शासकीय दायित्वों को प्राथमिकता दी और अथक परिश्रम से केवल 25 दिनों में ही एसआईआर का कार्य निर्धारित समय से पहले पूरा कर दिया। बीएलओ काकड़े के पास कुल 6 मतदान केन्द्र हैंए जिनमें 721 मतदाता पंजीकृत हैं। एसआईआर के दौरान उन्होंने अपनी टीम के साथ प्रत्येक मतदाता के घर.घर जाकर गणना पत्रक वितरित किएए भरवाएए ऑनलाइन विवरण मिलान कराया और आवश्यक संशोधनों में सहयोग दिया। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियोंए वरिष्ठ अधिकारियों और सहयोगी कर्मचारियों के साथ समन्वय कियाए ताकि प्रत्येक मतदाता की जानकारी सटीक रूप से सूचीबद्ध हो सके। बीएलओ काकड़े ने अपनी शारीरिक चुनौतियों के साथ भी एसआईआर का काम कर्तव्यनिष्ठा और दृढ़ संकल्प के साथ किया। वह दिन.रात इस काम में लगे रहेए उन्होंने दिन के समय घर.घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया और रात्रि के समय डेटा एंट्री और सत्यापन की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाई। जिले में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों और निर्देशों का पालन करते हुए उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी मतदाता सूची से वंचित न रहे। यह कार्य प्रतिबद्धताए जवाबदेहीए सही मार्गदर्शन और कुशल रणनीति के साथ समय से पहले ही पूरा हो सका।

कांग्रेस का हल्ला बोल : वोट चोर गादी छोड़ आंदोलन को लेकर महिला कांग्रेस ने बनाई रणनीति

बुरहानपुर। मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रीना बौरासी सेतिया जी की अध्यक्षता में प्रदेश पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 14 दिसंबर 2025 को राहुल गांधी जी के नेतृत्व में दिल्ली में आयोजित ष्वोट चोरए गद्दी छोड़ू महा रैली को ऐतिहासिक सफलता दिलाने में महिला कांग्रेस का योगदान निर्णायक रहेगा। बैठक में संगठन उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे, संगठन प्रभारी संजय कामले पूर्व महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल सहित प्रदेश पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में एसएआर द्वारा सभी वार्डों में वोटर लिस्ट जारी करने और उसमें अपने लोगों के नाम की जांच करने का निर्णय लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया जी ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी ही बदलाव की सबसे बड़ी ताक़त है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ती आई है और आगे भी लड़ती रहेगी। बैठक के अंत में श्रीमती सोनिया गांधी के जन्मदिन पर केक काटकर बधाई दी गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी नेताओं ने श्रीमती सोनिया गांधी के जन्मदिन की बधाई दी और उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। बुरहानपुर से पदेश महासचिव श्रीमाती सरिता राजेश भगत भगत भी कायकम मे उपस्थित थी

स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रभावित क्षेत्र में कर रही है सतत् निगरानी

बुरहानपुर। कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जिले के ग्राम मालवीर टांडा, उपस्वास्थ्य केंद्र मोहद के संभावित चिकनगुनिया संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की समीक्षा करते हुए संभावित चिकनगुनिया मरीजों की जांच कर उन्हें उपचारित किया। निरीक्षण में सीएमएचओ डॉ. आर.के.वर्मा ने साफसफाइ, नालियों की निकासी, प्लास्टिक की टंकियों में पानी संग्रहण की स्थिति देखी। उन्होंने ग्रामीणाजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि प्लास्टिक की टंकियों में अधिक समय तक पानी स्टोर करने से उसमें लार्वा पनपने लगता है, 7 दिन से अधिक पानी एकत्रित न होने दे। वहीं उन्होंने ग्रामीणजनों को फुल्लअस्तिन के कपड़े पहनने एवं मच्छरदानी का उपयोग करने की सलाह भी दी। डॉण् वर्मा ने बताया कि चिकनगुनिया की स्थिति नियंत्रण में है तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रभावित क्षेत्र में सतत् निगरानी कर रही हैं।

38 करोड़ की लागत से मूर्तरूप लेगा श्री गुरूगोविंदसिंह मेमोरियल म्यूजियम

अर्चना चिटनिस ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण, एक माह के अंदर होगा निर्माण कार्य प्रारंभ

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। भारत के गौरवशाली इतिहास और सिख परंपरा के वैभव को समर्पित श्री गुरूगोविंदसिंह मेमोरियल म्यूजियम अब 38 करोड़ रुपए की संशोधित लागत से मूर्त रूप लेगा। यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा श्री गुरूगोविंदसिंह जी की 350वीं जयंती को भव्य स्वरूप में मनाने के तहत घोषित महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है।

विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने इस महत्वपूर्ण परियोजना की प्रगति सुनिश्चित करने हेतु भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अवर सचिवए पर्यटन निगम के एसडीओ एवं उपयंत्री के साथ स्थल का भ्रमण कर निर्माण की संपूर्ण स्थिति का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि निर्माण कार्य को पूर्ण करने हेतु पुरातत्व विभाग ने नया प्रस्ताव शासन को भेजा तथा पुनः टेंडर प्रक्रिया हो चुकी है। जल्द ही नई निर्माण एजेंसी तय कर कार्य आगामी एक माह में कार्य युद्धस्तर पर शुरू कराया जाएगा।

निर्माण लागत बढ़ने से रुका था कार्य, अब पुनः पटरी पर:- श्रीमती चिटनिस ने बताया कि प्रारंभिक स्वीकृति के अनुसार लगभग 17 करोड़ रुपए की लागत से म्यूजियम का निर्माण होना था, परंतु निधि के अभाव एवं निर्माण में विलंब के चलते अब यह लागत बढ़कर 38 करोड़ रुपए से अधिक हो गई है। उन्होंने इस संबंध में केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत, मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय के विवेक अग्रवाल सहित वरिष्ठ अधिकारियों से भेंटए पत्राचार एवं विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से लगातार प्रयास किए। इनके परिणामस्वरूप केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा 21 करोड़ रुपए की अतिरिक्त सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

गुरू गोविंदसिंह जी और बुरहानपुर का अमिट रिश्ता.6 माह 9 दिन का पावन प्रवास

17वीं शताब्दी की ऐतिहासिक घटनाओं का उल्लेख करते हुए श्रीमती चिटनिस ने बताया कि गुरु गोविंदसिंह जी नांदेड जाते समय 6 माह 9 दिन तक बुरहानपुर में पधारे थे। इसी दिव्य प्रवास के दौरान उन्होंने विश्व.विख्यात सुनहरी बीड़ गुरुग्रंथ साहब को लिपिबद्ध करवाया था। इस बीड़ के प्रत्येक पन्ने पर सुनहरी बेलबूटों की अद्भुत चित्रकारी है। अंतिम पन्ने पर गुरु गोविंदसिंह जी ने स्वयं सुनहरी स्याही से ?कारष् अंकित किया था। यह बीड़ संपूर्ण विश्व की एकमात्र ऐसी पवित्र धरोहर है जिसकी यह विशिष्टता है। गुरूद्वारा बड़ी संगत के पीछे स्थित पूजास्थल एवं प्राचीन कुआँ आज भी गुरूजी के प्रवास की पावन स्मृतियों को संजोए हुए हैं। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि जो समाज अपने इतिहास को भूल जाता है, वह भविष्य नहीं बना सकता। यह म्यूजियम हमारे इतिहास, हमारी जड़ों और हमारी आस्था का जीवंत प्रतीक होगा।

खांडा आकार में बनेगा तीन मंजिला भव्य म्यूजियम

अर्चना चिटनिस ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा श्री गुरू गोविंदसिंह जी की 350वीं जयंती अवसर पर बुरहानपुर को यह महत्वपूर्ण सौगात प्रदान की गई थी। उसी घोषणा को साकार करने हेतु यह म्यूजियम खांडा आकार की अनूठी डिजाइन में निर्मित हो रहा है।

भवन की प्रमुख विशेषताएँ:- कुल निर्माण क्षेत्ररू 6279 वर्ग मीटर। ग्राउंड दो फ्लोर तीन मंजिला 500.सीटर अत्याधुनिक ऑडिटोरियम। पार्किंगए पार्क एवं पाथवे। रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम। अत्याधुनिक गैलरियों में दशम गुरू की जीवनी, रचनाएँ, युद्धशैली, दर्शन और साहित्य का प्रदर्शन। म्यूजियम में सिख पंथ की संस्कृति, इतिहास एवं गुरू परंपरा का समग्र दस्तावेजीकरण। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि यह भवन केवल एक संरचना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भारतीयता, वीरता, त्याग और समरसता का संदेश देने वाला सांस्कृतिक धरोहर केंद्र होगा।

प्रधानमंत्री मोदी के विजन से लेकर आज तक .निरंतर प्रयास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की घोषणा के बाद श्रीमती अर्चना चिटनिस ने इस परियोजना को मूर्त रूप देने के लिए लगातार उच्च अधिकारियों, समिति सदस्यों और मंत्रियों के साथ संपर्क में रहकर कार्य को आगे बढ़ाया। वे विशेष रूप से सिख समाज की 350वीं जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष तत्कालीन केन्द्रीय गृह मंत्री व वर्तमान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, स्व.सुषमा स्वराज, डॉ.महेश शर्मा, डॉ.एस.एस.अहलुवालिया आदि से संवाद कर प्रगति में अहम भूमिका निभाती रहीं।

सिरपुर में सांसद खेल महोत्सव में विजेताओं को किया पुरस्कृत

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। आज दिनांक 10/12/25 को शा उ मा वि सिरपुर में सांसद खेल महोत्सव में विजेताओं को नेपानगर सांसद खेल प्रभारी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग भाजपा जिलाध्यक्ष श्री सुनील वाघे जी ने सांसद खेल महोत्सव संपूर्ण भारत में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर अपने संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटील के मार्गदर्शन में ग्रामीण प्रतिभाओं को अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खेलो का आयोजन हो रहा है इसी कडी में आज शा उ मा वि सिरपुर में अच्छा खैल आयोजन हुआ इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त श्री संजय जी जाधव जनपद सदस्य प्रतिनिधि श्री शालिक पाटील जी श्री शुभम् चौकसे जी श्री ममलेश महाजन जी श्री संजय पाटील जी श्री कुणाल धनगर जी उपस्थित रहे।

मानव और मानवाधिकार, कर्तव्य के साथ अधिकार : डॉ .वीरेन्द्र निर्झर

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। अधिकार के साथ अहंकार आता है, विकार आता है किन्तु साथ में कर्तव्य जुड़ा हो तो वे अधिकार प्रभावी हो जाते हैं। हमें मानवाधिकार को इसी रूप में देखना चाहिए। आज स्थिति यह हो गयी है कि. सबके अपने स्वार्थ हैं, सबकी अपनी चाह। भूल रहे हैं सब यहाँ मानवता की राह। इस स्थिति में हमें परहित सरिस धर्म नहीं भाई के सिद्धान्त पर चलकर सामाजिक सद्भाव के लिए कार्य करना चाहिए तभी मानव और मानवाधिकार सुरक्षित रह सकते हैं।

यह विचार अखिल भारतीय साहित्य परिषद् जिला इकाई द्वारा विश्व मानवाधिकार दिवस पर आयोजित मानव और मानवाधिकार परिचर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.वीरेन्द्र निर्झर ने व्यक्त किये। उन्होंने देश महज

व्यक्ति है हुआय गीत के माध्यम से व्यक्तिवादी प्रवृत्तियों पर चोट की। द्वितीय वक्ता के रूप में कैलाश जयवंत ने कहा कि अधिकार सीमित एवं मर्यादित होते हैं। अतः हमें ऐसा कार्य करना चाहिए जिससे किसी की भावनाएं आहत नहीं हो। उन्होंने कहा इस युग में भी महाभारत जारी है। पुनः दुर्योधन और दुःशासन की बारी है। द्रौपदी अब भी हताश है। किससे करें अब आश है।

डॉ.अश्विनी महाजन ने आज ही के दिन दिवंगत साहित्यकार डॉ.सुरेन्द्र जैन की माँ श्रीमती अशर्फी देवी के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि माँ प्रेरणा की मूरत हो तुम, धर्म कर्म संस्कृति की बोधक हो तुम। उन्होंने अपनी कविता के माध्यम से मानवाधिकार के प्रति कहा कि कैसा हमें लगता है खुद से लड़ते हुए। कभी आना तुम, कभी बताना तुम।

प्रो.सोनाली चौधरी ने श्रीकृष्ण के विचारों से प्रेरित मानव और मानवाधिकार की चर्चा की और कहा कि जब मानव के अस्तित्व पर संकट उपस्थित हो जाते हैं तब युद्ध की स्थिति बन जाती है। सरस्वती वंदना ज्योति पंवार एवं पूजा छत्रे ने प्रस्तुत की। वासुदेव खरचे ने मानवाधिकार चैप्टर से संबंधित प्रश्नमंच करवाया।

जिलाध्यक्ष डॉ.सुरेन्द्र जैन भारती ने कहा कि संसार में मनुष्य से श्रेष्ठ प्राणी नहीं है। अतः मनुष्य का दायित्व है कि वह सहअस्तित्व में विश्वास करें। संयुक्त राष्ट्र संघ आज कमजोर हो गया है। वह चार.पाँच वर्षों से चल रहे युद्धों को रोकने में नाकाम रहा है। आज के समाज को मानव के साथ मानवता की रक्षा करने के लिए मानवाधिकार जरूरी हैं। परिचर्चा का आयोजन जैन विद्या एवं प्राकृत शोध संस्थान, इन्दिरानगर में किया गया। आभार श्रीमती इन्द्रा जैन ने व्यक्त किया।

नगर निगम द्वारा डिवाइडरों की कराई साफ सफाई

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। नगर निगम आयुक्त श्री संदीप श्रीवास्तव के निर्देश पर नगर निगम स्वच्छता अभियान अंतर्गत गार्डन विभाग के अधिकारी संजय तिवारी के निर्देशन मे आज कर्मचारियों द्वारा लालबाग रेलवे स्टेशन से लेकर शनवारा चौराहा तक सभी डिवाइडरों की साफ सफाई करवाई गई वह कचरा एकत्रित कर ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया मंगलवार को गॉर्डन प्रभारी संजय तिवारी ने ने अपनी टीम को सभी डिवाइडरों की नियमित साफसफाई करने के लिए कहा गया।

इस हेतु सुपर वाइजर सुखलाल मसाने द्वारा अपने कर्मचारियों के साथ शहर में सभी डिवाइडरों कीविशेष सफाई टीम द्वारा की गई ।सर्वप्रथम लालबाग रेलवे स्टेशन से

लेकर सिंधी बस्ती चौराहे तक, सिंधी बस्ती चौराहे से लेकर शनवारा चौराहा तक मुख्य चौक रोड में साफ.सफाई किया गया। निरीक्षण में रोड किनारे सामग्री मटेरियल, कबाड़ी का सामान रखने वाले गंदगी फैलाने वालों को सख्त हिदायत दी गई की उनके आसपास गंदगी ना करें कचरा ना फेंके कृपया कचरा डस्टबिन में ही डालें।

रिज़र्व बैंक एवं स्टेट बैंक के संयुक्त तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज, नेपानगर । प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पंडित जवाहरलाल नेहरू शासकीय महाविद्यालय नेपानगर में रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया एवं भारतीय स्टेट बैंक बुरहानपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को वित्तीय जानकारियों से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर उन्हें बताया गया किए ऑनलाइन लेन.देन सुविधा

जनक होने के साथ.साथ इसमें सावधानी रखना भी जरूरी है। लगातार बढ़ते साइबर अपराध के प्रति हम जागरूक रहे और विपरीत घड़ी में भी धैर्य से काम लेंए किसी से भी ओटीपी शेयर न करेंए डिजिटल अरेस्ट जैसी अन्य स्थितियों के प्रति भी जागरूक रहें। विद्यार्थियों को बताया गया किए साइबर क्राइम संबंधी शिकायत 1930 पर दर्ज करवायी जा सकती है। इस अवसर पर रिज़र्व बैंक ऑफइंडिया से श्री राम नागर ने बैंकिंग कार्यप्रणा, लाभ और सुविधाओं सहित अन्य बिन्दुओं एवं बचत के तरीकों के बारें में भी उपस्थितजनों को विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

नपाध्यक्ष के वार्ड में खराब है रोड की स्थिति, लोगों को हो रही भारी परेशानी

नवभारत न्यूज,नेपानगर। नगर पालिका द्वारा नगर की सड़कों के सुधार को लेकर कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं इससे आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई जगह रोड चलने लायक नहीं है तो कहीं जहां काम चालू किया गया है वहां भी गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

दरअसल नगर में करीब 34 करोड़ की पेयजल परियोजना के कारण सड़कों को खोदा गया थाए लेकिन इसके बाद से अब तक इन सड़कों का निर्माण नहीं कराया गया है। वहीं कई सड़कों का निर्माण सालों से पेंडिंग है। खुद नगर पालिका अध्यक्ष

भारती विनोद पाटील के वार्ड नंबर 16 शास्त्री वार्ड में सड़क की स्थिति खराब है। ऐसे में इस मार्ग से आवागमन में भी लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मार्ग पर गड्ढे हो गए हैं। लोगों का कहना है कि जब नपाध्यक्ष के ही वार्ड के यह हालात हैं तो अन्य वार्डों की स्थिति समझी जा सकती है। वहीं इन दिनों नगर के वार्ड नंबर 12 में सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। यहां के रहवासियों ने सड़क निर्माण को लेकर काफी विरोध दर्ज कराया था। अब जाकर यहां काम चालू हो पाया है, लेकिन यहां अभी से गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। बताया जा रहा है कि यहां यहां रोड बनाने के लिए पुरानी गिट्टी मिट्टी को खोदा गया है और उसी पर माल बिछाने की तैयारी की जा रही थी, लेकिन वार्ड के जागरूक लोगों ने इसे लेकर सवाल उठाए हैं। नियमानुसार पहले मलबा हटाना चाहिए, लेकिन यहां भी अन्य निर्माण कार्य की तरह मनमानी का प्रयास किया जा रहा है। नगर में कई रोड की स्थिति काफी खराब है जबकि कुछ रोड अपनी अवधि पूरी होने से पहले ही उखड़ गए हैं। अंबेडकर चौराहा से रेलवे स्टेशन तक रोड खराब स्थिति में पहुंच गया। इसी तरह मातापुर बाजार रेलवे गेट के पास से नेपा मिल गेट, बुधवारा की ओर जाने वाले मार्ग की स्थिति खराब है।

श्रमिक को दिलाया चालीस हजार का मुआवजा

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। उपभोक्ता अधिकार संगठन के कार्यकारिणी अध्यक्ष समाजसेवी प्रीतम महाजन को ठेकेदारी में काम करने वाले श्रमिक अमित कुशवाहा ने प्रोसेस दुर्घटना की सारी जानकारी बताते हुए शिकायत की थी ! श्रमिक के शिकायत पर प्रीतम महाजन ने श्रमिक अमित कुशवाहा को अपने साथ श्रम विभाग ले गए वहां प्रोसेस ठेकेदार के नाम से कागजी कार्यवाही की गई और उच्च अधिकारी को भी शिकायत प्रेषित की गई ! एक माह के भीतर श्रम विभाग मैं पदस्थ श्रम पदाधिकारी कन्हैयालाल

मोरे साहाब के निर्देश पर उद्योग नगर क्षेत्र के निजी प्रोसेस के ठेकेदार से श्रमिक को हाथ जाने से एक उंगली कटने का मुआवजा श्रमिक अमित कुशवाहा को ठेकेदार गोपाल बारी द्वारा श्रमिक को मुआवजा के तौर पर 40,000/-चालीस हजार रुपए का चेक दिलवाया और ठेकेदार को श्रमिक को कार्य पर दोबारा रखने की निर्देश दिया! श्रमिक अमित कुशवाहा को चेक मिलते ही श्रमिक ने श्रम पदाधिकारी मोरे साहब सहित समाजसेवी प्रीतम महाजन का धन्यवाद करते हुए आभार व्यक्त किया।

एक नजर — पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन ग्रामीण का बुरहानपुर भ्रमण.....

पुलिस अधिकारी व थाना प्रभारियों की बैठक में जुआ एक्ट, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट की समीक्षा

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। पुलिस कंट्रोल रूम बुरहानपुर सभागृह में आई जी ग्रामीण जोन इन्दौर अनुराग का आगमन हुआ। पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर द्वारा पुमनि का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। बाद जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारियों एवं संबंधित अधिकारीगण की बैठक ली गई। बैठक में क्राइम कंट्रोल एवं लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर विस्तृत चर्चा की गई।

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार ने अनुभागवार बिंदु एजेन्डा के संबंध में प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया। जिसके पश्चात् आईजी अनुराग ने समीक्षा बैठक ली एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु दिशा.निर्देश दिए। लंबित अपराधों की समीक्षा कर निराकरण करने। लंबित चालान की समीक्षा कर अधिक से अधिक चालान निराकरण करने। गुम इंसान, बालक, बालिकाओं का पता कर दस्तयाब करने। शिकायतों का अधिक से अधिक निराकरण करने। महिला संबंधी

अपराधो एवं शिकायत पत्रो पर किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरतने हेतु कडे निर्देश दिये गए। अनुसूचित जातिध्जनजाति के विरुद्ध घटित अपराधों में त्वरित कार्यवाही करने। लंबित खात्मा एखारिज़ी की समीक्षा पश्चात आवश्यक कार्यवाही करने। लघु अधिनियम, जुआ एक्ट, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि की समीक्षा एवं प्रभावी कार्यवाही करने। सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों को यथाशीघ्र संतुष्टि पूर्वक निराकरण करने। स्थाई वारंटो की तामील कराकर वारंटी को न्यायालय में पेश करने। वाहन दुर्घटना पर नियंत्रण हेतु ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने हेतु निर्देश दिए। संपत्ति संबंधी अपराधों चोरी, लूट, डकैती, नकबजनी में 100 रिकवरी सुनिश्चित की जाए। थाना क्षेत्र के वाहन चोरी हॉट स्पॉट को चिन्ह कर सीसीटीवी / रेडियो प्रभारी, थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए गए। चोरी नकाबजनी वाहन चोर गिरोह को पकड़ने हेतु टीम बनाने हेतु निर्देश

दिए गए।

माइक्रो बीट प्रणाली का उपयोग कर गुंडा निगरानी, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान एवं सूचना संग्रहण को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में अंतिम बाउंड अवर कार्यवाही आवश्यक करने हेतु निर्देश दिए गए। अफवाहों एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने हेतु इंटेलिजेंस तंत्र को सक्रिय रखने निर्देश दिए गए।

पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि जनता की समस्याओ का शीघ्र समाधान करते हुए कानुन व्यवस्था का सदृढ बनाए रखने के लिए सतर्कता प्रतिबद्धता और संवेनदशीलता के साथ कार्य करे।

बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल, एसडीओपी नेपानगर निर्भय सिंह अलावा, डीएसपी महिला शाखा प्रीतम सिंह ठाकुर, समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी, रक्षित निरीक्षक एवं कार्यालयीन अधिकारीगण उपस्थित रहे।